Roll No.
रोल नं.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

## Series RKM/2

Code No. / कोड नं. **32/2/1**

- Please check that this question paper contains 7 printed pages + 3 Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 24 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 7 + 3 मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 24 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

# SOCIAL SCIENCE
# सामाजिक विज्ञान

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks: 80*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*

***General Instructions :***

*(i) Answer to questions carrying 2 marks should not exceed 30 words each.*

*(ii) Answer to questions carrying 4 marks should not exceed 60 — 80 words each.*

*(iii) Answer to questions carrying 6 marks should not exceed 100 — 125 words each.*

*(iv) Maps should be securely tied in the middle of the Answer-Book.*

*(v) Attempt all parts of a question together.*

*(vi) Stencils or templates for drawing outline maps may be used wherever necessary.*

***सामान्य निर्देश :***

*(i) 2 अंकों वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 शब्दों से अधिक न हो।*

*(ii) 4 अंकों वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 से 80 शब्दों से अधिक न हो।*

*(iii) 6 अंकों वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 से 125 शब्दों से अधिक न हो।*

*(iv) मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका की बीच में मजबूती से बांधिए।*

*(v) किसी प्रश्न के सभी भागों के उत्तर साथ-साथ दीजिए।*

*(vi) जहाँ कहीं आवश्यक हो स्टैंसिलों अथवा सांचों को रेखा-मानचित्र बनाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।*

**1.** Write any four direct advantages of forests. 4×½=2

वनों के कोई चार प्रत्यक्ष लाभ लिखिए।

**2.** State four steps which have been taken by the government to promote private sector. 4×½=2

निजी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए चार उपायों का उल्लेख कीजिए।

**3.** State any four precautions needed to be taken at the time of entering a damaged building. 4×½=2

क्षतिग्रस्त इमारत में प्रवेश करते समय किन्हीं चार आवश्यक सावधानियों का उल्लेख कीजिए।

**4.** Explain any two objectives of 'Swadeshi Movement'. 2×1=2

'स्वदेशी आंदोलन' के किन्हीं दो उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिए।

**5.** Explain the main contributions of Bhakti Movement. 2×1=2

भक्ति आंदोलन के मुख्य योगदानों की व्याख्या कीजिए।

**6.** How have synthetic fibres revolutionised the textile industry in India ? Explain with two examples. 2×1=2

भारत में कृत्रिम रेशों ने वस्त्र उद्योग में किस प्रकार क्रान्ति ला दी है ? दो उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए।

**7.** Why is it necessary to chalk out a strategy for social development ? Give two reasons. 2×1=2

सामाजिक विकास के लिए रणनीति बनाना क्यों आवश्यक है ? दो कारण दीजिए।

**8.** Identify and name the Indian national leader shown in the picture given below. State any two of his contributions in promoting Indian Nationalism. 1+1=2

नीचे दी गई भारतीय राष्ट्रीय नेता की तस्वीर को पहचानिए और उसका नाम लिखिए। भारतीय राष्ट्रीयता को बढ़ावा देने में उनके किन्हीं दो योगदानों का उल्लेख कीजिए।



*Note :* *The following question is for the **Blind Candidates** only in lieu of Q. No. 8.*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 8 के स्थान पर है।*

State any two contributions of Dadabhai Naoroji to promote Indian Nationalism. 2×1=2

भारतीय राष्ट्रीयता को बढ़ावा देने में दादाभाई नौरोजी के किन्हीं दो योगदानों का उल्लेख कीजिए।

**9.** "The Gupta period saw the flowering of ancient Indian culture." Prove this statement with two examples. 2×1=2

''गुप्त काल में प्राचीन भारतीय संस्कृति खूब फली-फूली।'' दो उदाहरणों सहित इस कथन को सिद्ध कीजिए।

**10.** "The location of the Iron and Steel industry is governed by its close proximity to raw materials." Give two arguments in favour of this statement. 2×1=2

''लोहा और इस्पात उद्योग की स्थिति उसके कच्चे माल की निकटता से नियंत्रित है।'' इस कथन के पक्ष में दो तर्क दीजिए।

**11.** "The problems of the aged people are growing very fast in India." Justify this statement with two examples. 2×1=2

''भारत में वृद्ध लोगों की समस्याएँ बड़ी तेजी से बढ़ रही है।'' दो उदाहरणों सहित इस कथन की तर्कसंगत पुष्टि कीजिए।

**12.** Suppose you are the 'District Magistrate' of a particular district. How will you administer relief responsibilities in your jurisdiction ? 2

माना कि आप किसी जिला विशेष के 'जिला मजिस्ट्रेट' हैं। आप अपने अधिकार-क्षेत्र में राहत के उत्तरदायित्व का किस प्रकार निर्वाह करेंगे ?

**13.** What were the major achievements of Arya Samaj in the social and educational fields ? 2+2=4

**OR**

State any four contributions of the Press in India during the nineteenth century. 4×1=4

आर्य समाज की सामाजिक और शैक्षिक क्षेत्रों में प्रमुख उपलब्धियाँ क्या-क्या थीं ?

**अथवा**

उन्नीसवीं शताब्दी में भारत में प्रैस (समाचार-पत्रों) के किन्हीं चार योगदानों का उल्लेख कीजिए।

**14.** Write any four uses of manganese ore. Also name the four major producing states of manganese ore. 2+2=4

मैंगनीज अयस्क के कोई चार उपयोग लिखिए। मैंगनीज अयस्क के चार प्रमुख उत्पादक राज्यों के नाम भी बताइए।

**15.** Write two main features each of General Assembly and Security Council as the major organs of the United Nations. 2+2=4

संयुक्त राष्ट्र के दो प्रमुख अंगों - महासभा और सुरक्षा परिषद् की दो-दो मुख्य विशेषताएँ लिखिए।

**16.** Explain any four major problems associated with food security in India. 4×1=4

**OR**

Explain any four technological reforms made in Indian agriculture after Independence. 4×1=4

भारत में खाद्य सुरक्षा से जुड़ी किन्हीं चार प्रमुख समस्याओं को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

स्वतंत्रता के बाद भारतीय कृषि में किए गए किन्हीं चार प्रौद्योगिकीय सुधारों को स्पष्ट कीजिए।

**17.** Explain any four major problems faced by road transportation in India. 4×1=4

भारत में सड़क परिवहन की किन्हीं चार प्रमुख समस्याओं को स्पष्ट कीजिए।

**18.** Explain four major programmes adopted by the government to generate employment opportunities in India. 4×1=4

**OR**

What is the meaning of 'unemployment' ? Explain any three causes of unemployment in India. 1+3=4

भारत में रोजगार सृजन के लिए सरकार द्वारा अपनाए गए चार प्रमुख कार्यक्रमों को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

'बेरोजगारी' का क्या अर्थ है ? भारत में बेरोजगारी के किन्हीं तीन कारणों को स्पष्ट कीजिए।

**19.** "Communalism is a threat to our national unity." Support this statement with four facts. 4×1=4

''साम्प्रदायिकता हमारी राष्ट्रीय एकता के लिए घातक है।'' चार तथ्यों के साथ इस कथन की पुष्टि कीजिए।

**20.** Explain any four protection measures of buildings in flood prone areas. 4×1=4

बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में इमारतों की सुरक्षा के लिए किन्हीं चार सुरक्षा उपायों को स्पष्ट कीजिए।

**21.** Describe any six methods adopted by the 'Revolutionaries' to achieve freedom. 6×1=6

**OR**

Describe any six points about the 'Massacre' of Jallianwala Bagh. 6×1=6

'क्रान्तिकारियों' द्वारा स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए अपनाए गए किन्हीं छः तरीकों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

जलियाँवाला बाग 'हत्याकांड' के बारे में किन्हीं छः बिन्दुओं का वर्णन कीजिए।

**22.** How does 'land degradation' take place through human activities in India ? Explain any three measures to control this degradation. 3+3=6

**OR**

Explain any six reasons responsible for the increasing scarcity of water in India. 6×1=6

भारत में मानवीय क्रियाकलापों द्वारा 'भू-क्षरण' किस प्रकार होता है ? इस प्रकार के भू-क्षरण को रोकने के किन्हीं तीन उपायों को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

भारत में जल की बढ़ती हुई कमी के लिए उत्तरदायी किन्हीं छः कारणों को स्पष्ट कीजिए।

**23.** Explain four factors responsible for the exploitation of consumers. What is the main difference between Bureau of Indian Standards (BIS) and Agmark ? 4+2=6

**OR**

Who is a consumer ? Explain five duties of consumers. 1+5=6

उपभोक्ता के शोषण के लिए उत्तरदायी चार कारकों को स्पष्ट कीजिए। भारतीय मानक ब्यूरो (बी.आई.एस.) और एग्मार्क में मुख्य अन्तर क्या है ?

**अथवा**

उपभोक्ता कौन है ? उपभोक्ता के पाँच कर्त्तव्यों को स्पष्ट कीजिए।

**24.** (a) (i) On the given political outline map of **India** (on page 8) the place is shown by No. 1, where the first Congress Session was held in 1885. Write the correct name of this place on the line drawn on the map.

(ii) On the same map of **India** (on page 8) shade and name the state where the 'rock-cut temples' are situated in Mahabalipuram. 1+1=2

(b) On the given political outline map of **India** (on page 9) are shown four geographical features A, B, C and D. Identify these features with the help of the map key and write their correct names on the line marked against each in the map. 4×1=4

**OR**

On the given political outline map of **India** (on page 10) locate and label the following geographical features : 4×1=4

(i) Coimbatore — Cotton Textile Centre

(ii) Mathura — Oil Refinery

(iii) Kakrapara — Nuclear Power Station

(iv) Mangalore — Sea-port

(अ) (i) दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 8 पर) में संख्या 1 द्वारा उस स्थान को दिखाया गया है जहाँ सन् 1885 में कांग्रेस का पहला अधिवेशन हुआ था। इस स्थान का सही नाम मानचित्र पर खींची गई रेखा पर लिखिए।

(ii) **भारत** के इसी मानचित्र (पृष्ठ 8 पर) में उस राज्य को छायांकित कीजिए और उसका नाम लिखिए जहाँ महाबलीपुरम में 'चट्टान-काट मंदिर' स्थित हैं।

(ब) दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 9 पर) पर चार भौगोलिक लक्षण क, ख, ग और घ दिखाए गए हैं। मानचित्र में दी गई कुंजी की मदद से इन लक्षणों को पहचानिए और मानचित्र में प्रत्येक के सामने दी गई रेखा पर उनके सही नाम लिखिए।

**अथवा**

दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 10 पर) पर निम्नलिखित भौगोलिक लक्षणों की स्थिति दिखाइए और उनके नाम लिखिए :

(i) कोयम्बटूर — सूती-वस्त्र केन्द्र

(ii) मथुरा — तेल परिष्करणशाला

(iii) काकरापारा — नाभिकीय शक्ति केन्द्र

(iv) मंगलौर — समुद्री-पत्तन

***Note :*** *The following question is for the **Blind Candidates** only in lieu of Q. No. 24 (a) and (b).*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 24 (अ) और (ब) के स्थान पर है।*

(i) Where was the first Congress Session held in 1885 ?

(ii) Which place is famous for 'rock-cut temples' in Tamil Nadu ?

(iii) Which is the leading state in cotton production ?

(iv) Name the Southern Terminal Station of North-South Corridor.

(v) Name the international airport located in Tamil Nadu.

(vi) Name the Software Technology Park located in Madhya Pradesh. 6×1=6

(i) सन् 1885 में कांग्रेस का पहला अधिवेशन कहाँ हुआ ?

(ii) तमिल नाडू में 'चट्टान-काट मंदिर' के लिए कौनसा स्थान प्रसिद्ध है ?

(iii) कपास उत्पादन में अग्रणी राज्य कौनसा है ?


(iv) उत्तर-दक्षिण गलियारे का दक्षिणी अन्तिम स्टेशन कौनसा है ?

(v) तमिल नाडु में स्थित अन्तर्राष्ट्रीय वायु-पत्तन का नाम बताइए।

(vi) मध्य प्रदेश में स्थित सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क का नाम बताइए।

For question no. 24 (a) प्रश्न सं. 24 (अ) के लिए




INDIA POLITICAL
भारत राजनीतिक
B
ख
C
ग
D
घ
A
क
INDEX
सूची
A क Southern Terminal Station of North-South Corridor
उत्तर-दक्षिण गलियारे का दक्षिणी अन्तिम स्टेशन
B ख Software Technology Park
सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क
C ग International Airport
अन्तर्राष्ट्रीय वायु-पत्तन
D घ Leading Cotton Producing State
कपास का अग्रणी उत्पादक राज्य

For question no. 24 (b) **OR** प्रश्न सं. 24 (ब) **अथवा** के लिए

